गुणवत्ताहीन | सीएम राईज छात्रावास भवन निर्माण में किया जा रहा भ्रष्टाचार, शासन की राशि का हो रहा दुरुपयोग

बनते ही टूट रही प्लंथ बीम, घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग

अमरपुर, नवभारत। शासन द्वारा शिक्षा के गुणवत्ता और सर्वसुविधायुक्त विद्यालय भवन एवं छात्रावास करोड़ों की लागत से निर्माण किया जा रहा हैं। परंतु विद्यालय भवन की गुणवत्ताहीन निर्माण किया गया हैं।

वर्तमान में छात्रावास भवन का निर्माण किया जा रहा है जहां अभी प्लंथ बीम निर्माण उपरांत बड़े-बड़े पत्थर जो कि पहाड़ी की खुदाई से निकले हैं। वहीं पत्थर जो कि क्विंटलों वजन के होंगे। जिन्हें जेसीबी मशीन से भरा जा रहा हैं। जबकि प्लंथ भराई का कार्य मुरूम से होना चाहिए। परंतु ठेकेदार तकनीकी प्रावधानों को दरकिनार करते हुए मनमानी कार्य किया जा रहा हैं।

जिन पत्थरों की वजह से प्लंथ बीम तक अनेकों जगह टूट गई हैं। जिस अनियमित्ताओं को छुपाने के लिए मुरुम से ढका जा रहा हैं और प्लथ बीम पर वजनदार वाहन भी चढ़ाकर मुरूम भरे जा रहे हैं। जोकि तकनीकी नियमों के विरुद्ध हैं। ऐसी स्थिति में जिस भवन की नींव ही कमजोर होगा उसका भविष्य क्या होगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। वहीं पर प्लथ बीम एक नहीं अनेकों बीम क्षतिग्रस्त देखे जा सकते हैं।

निर्माण स्थल पर नहीं लगा सूचना पटल

निर्माण स्थल पर सूचना पटल भी नहीं लगाया गया हैं। जिससे कि भवन निर्माण एजेंसी कौन सा विभाग हैं, ठेकेदार कौन हैं, निर्माण कार्य किस मद से हो रहा हैं, लागत कितनी हैं। निर्माण स्थल पर ठेकेदार का इंजीनियर जिसका नाम अजय धुर्वे बताया गया। जिनसे बात करने की कोशिश की गई। परंतु वह कुछ जवाब दिए ही भाग खड़े हुए। वहीं पर जिनसे विभागीय इंजीनियर की जानकारी लेना चाहे परंतु वह कुछ बोलने को ही तैयार नहीं हुए। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि विद्यालय भवन का एक कालम गिर गया था। जिसे सीधा खड़ा कर ईंट की जुड़ाई कर प्लास्टर कर दिया गया हैं। इस प्रकार गुणवत्ताहीन निर्माण का मतलब हैं कि आदिवासी ग्रामीण छात्रों के जीवन से खिलवाड़ करना ही कहा जा सकता हैं।

अमानक रेत गिट्टी का हो रहा उपयोग

निर्माण कार्य में प्लथ बीम रेत, गिट्टी भी अमानक उपयोग किया जा रहा हैं। मिट्टी का चूरा एवं डस्ट का उपयोग किया जा रहा हैं जोकि नियम विरुद्ध हैं। पूरा निर्माण कार्य ही नियम विरुद्ध एवं अनियमित्ता पूर्ण किया जा रहा हैं। जिसे शायद कोई देखने वाला ही नहीं हैं।

नाबालिगों से कराया जा रहा काम

निर्माण कार्य के दौरान यह भी देखने में आया हैं कि निर्माण स्थल में नाबालिग मजदूर भी कार्य कर रहे हैं। जोकि बाल श्रम विभाग के नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा हैं। शासन प्रशासन द्वारा ठेकेदार को पूरी तरह खुली छूट दे दी गई हैं। जिस वजह से इस तरह भारी अनियमित्ताएं की जा रही हैं।

> **इनका कहना है**
> इस शासन काल में घोटाला एवं भ्रष्टाचार व्याप्त हैं।
> **महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर**

मत्स्य विभाग की कार्रवाई, बाजार से 91 किलो मछली जब्त

डिंडौरी, नवभारत। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम, 1972 की धारा 3(2) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक घोषित बंद ऋतु के दौरान मत्स्याखेट, मछली विक्रय एवं परिवहन पर लगाए गए प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित कराने के लिए मत्स्य विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है।

शुक्रवार को सहायक संचालक मत्स्योद्योग एल.एस. शैयाम के नेतृत्व में गठित संयुक्त दल ने समनापुर एवं डिंडौरी के मछली बाजारों का औचक निरीक्षण किया। टीम में सहायक मत्स्य अधिकारी विशाल शरणागत, मत्स्य निरीक्षक बी.के. सिरसाम, सहायक ग्रेड-3 जयप्रकाश धुर्वे तथा चौकीदार दशरथ प्रसाद वरकड़े शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान समनापुर मछली बाजार से 25 किलोग्राम भारतीय प्रमुख कार्प एवं 52

किलोग्राम थाई मांगूर तथा डिंडौरी मछली बाजार से 14 किलोग्राम भारतीय प्रमुख कार्प मछली जब्त की गई। इस प्रकार कुल 91 किलोग्राम मछली जब्त कर नियमानुसार उसका विनिष्टीकरण एवं नीलामी की गई। नीलामी से प्राप्त 3 हजार रुपये की राशि शासन के खाते में जमा कराई गई।

बांझपन शिविर आयोजित, 211 पशुओं का उपचार

डिंडौरी, नवभारत। मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडों में पशुओं के स्वास्थ्य संवर्धन एवं उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से बाँझपन निवारण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में पशुओं का उपचार, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान सहित विभिन्न पशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पशु औषधालय शाहपुर अंतर्गत ग्राम मिघरोड़ी (विकासखंड डिंडौरी), पशु औषधालय बोंदर अंतर्गत ग्राम उफरी (विकासखंड बजाग), पशु औषधालय समनापुर अंतर्गत ग्राम कमरासोंढा (विकासखंड अमरपुर) तथा पशु चिकित्सालय करंजिया अंतर्गत ग्राम मेढ़ाखार (विकासखंड करंजिया) में शिविर लगाए गए। शिविरों के दौरान 211 पशुओं का उपचार किया गया, इसके साथ ही पशुओं का बाँझपन, औषधियों का वितरण, टीकाकरण तथा पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान कराया गया। साथ ही 25 पशुपालकों के आधार कार्ड अद्यतन करने का कार्य भी किया गया।

ऑक्सीजन की कमी से हुई मौत पर भड़की एनएसयूआई

▸ स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका

डिंडौरी, नवभारत। मंडला जिले में कथित रूप से ऑक्सीजन की कमी के चलते एम्बुलेंस में 21 वर्षीय युवक की मौत की घटना को लेकर रविवार को जिला मुख्यालय स्थित रानी अवन्ति बाई चौक पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का पुतला दहन करने का प्रयास किया।

जिला अध्यक्ष प्रियांशु कृष्णा परस्ते के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पुतला दहन रोकने के लिए कार्यकर्ताओं को समझाइश दी और उन्हें रोकने का प्रयास किया।

माता पिता के सामने एम्बुलेंस में तोड़ा दम

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए 'मोहन सरकार होश में आओ' के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि मंडला जिले में ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं होने के कारण एक 21 वर्षीय युवक ने अपने माता-पिता की आंखों के सामने एम्बुलेंस में तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया, जो प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है।

अस्पतालों में सुविधाओं की कमी

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष प्रियांशु कृष्णा परस्ते ने आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं और अस्पतालों में आवश्यक सुविधाओं के अभाव में लोगों की जान जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि गरीबों की मौत पर भाजपा सरकार पूरी तरह मौन है। मंडला की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई संवेदनशील प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे जनता की भावनाएं आहत हुई हैं।

शिवदयाल वर्मा एवं दरशु बैगा हुए सेवानिवृत्त

नवभारत, मानपुर। उमरिया जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत नगर परिषद मानपुर में संचालित पशु चिकित्सालय के परिचारक शिवदयाल वर्मा एवं देवरी के परिचारक दरशु बैगा का कार्यकाल पूरा होने पर भाववीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में फूल मालाओं के साथ फूलमालाओं से सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में दोनों परिचारक के इष्ट मित्रों सहित नाथ रिश्तेदारी के लोग भी विदाई समारोह में उपस्थित रहे। विदाई समारोह में बिपिन चंद्र आदर्श सुनील सिंह परिहार लिपिक ददी कोल संस्कार सिंह नारायण सिंह एभीएफओ डाक्टर अल्पना पटेल डाक्टर कीर्ति गोयल प्रदीप प्रजापति कुलदीप द्विवेदी(राजा) नारायण सिंह अमर सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

रुचिका पर दर्ज एफआईआर के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

▸ गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग

उमरिया, नवभारत। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ एवं प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देशानुसार गांधी चौक, में छात्रा रुचिका सिंह के विरुद्ध दर्ज एफआईआर के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार होश में आओ, छात्रों के सम्मान में एनएसयूआई मैदान में, छात्रों की आवाज़ को दबाना बंद करो, लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए तथा रुचिका सिंह पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग की। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की भी मांग की।

ये रहे मौजूद-कार्यक्रम में मुख्य रूप से नसरीन बानो, कृष्ण कांत तिवारी (उपाध्यक्ष), अनुराग चतुर्वेदी (सचिव), रचना यादव (सचिव), अनामिका साकेत, आकाश प्रजापति (सचिव), नावेद अंसारी (कार्यवाहक अध्यक्ष), ओम असाटी (कार्यवाहक अध्यक्ष), शाजिद खान, रोहित कोल, राजा खान, विकास कोल, अनुज रावत, लीलावती रावत, निहारिका साकेत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

शास्त्री ब्रिज के नीचे एक पैर कटा शव मिला, छानबीन में जुटी पुलिस

नवभारत, जबलपुर। मदनमहल थाना अंतर्गत शास्त्री ब्रिज के नीचे शनिवार को रेल्वे लाइन में एक अधेड़ का शव पड़ा मिला । जिसका एक पैर कटा हुआ था। आशंका जाहिर की जा रही है कि मृतक ट्रेन से कटा है। वे किसी हादसे का शिकार हुआ है या उसने आत्महत्या की है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मतर्ग कायम कर छानबीन कर रही है।

मदनमहल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मदन महल रेल्वे स्टेशन प्वाइंट्स मैन अनंत सिंह पिता कृष्णपाल सिंह 32 वर्ष ने सूचना दी कि शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे शास्त्री ब्रिज के नीचे लगभग 50 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा मिला जिसके शरीर में चोट के निशान थे ।

संभवत: ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक का दायां पाव कटा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

दो बाइक सवार युवकों की भिड़ंत, दोनों घायल

उमरिया, नवभारत। जिले के इंदवार थाना अंतर्गत अमरपुर चौकी क्षेत्र में मानपुर-बरही मार्ग स्थित पड़वार मोड़ के पास ग्राम चिल्हारी में रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अमरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को बरही अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार घायल युवकों की पहचान दादूराम चौधरी और रवि नापित के रूप में हुई है। दोनों अलग-अलग बाइक से जा रहे

थे, तभी पड़वार मोड़ के पास आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीण ने बताया कि पड़वार मोड़ लंबे समय से दुर्घटना संभावित क्षेत्र बना हुआ है। यहां तीखा मोड़ होने के बावजूद पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं। केवल सांकेतिक बोर्ड लगाए गए हैं, जबकि स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, चेतावनी संकेत और अन्य सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से इस स्थान पर शीघ्र प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

ऑटो से चार बैटरी ले गए चोर

जबलपुर। हनुमानताल थाना अंतर्गत बड़ी खेरमाई के सामने गेट नम्बर 1 के सामने खड़े ऑटो से चोर ने चार बैटरियां पार कर दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मीना बाई सोनकर निवासी बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला ने लिखित शिकायत की कि उसका आटो क्रमांक एमपी 20 आर ए 1232 को बेटा पंकज सोनकर चलाता है। बड़ी खेरमाई के सामने गेट नम्बर 1 के सामने खड़ी कर देता था। अज्ञात चोर ऑटो से 4 बेटरी कीमती लगभग 42 हजार रूपये चोरी कर ले गया है।

हिंदू राष्ट्र और गौ को राष्ट्रीय माता घोषित करने का लिया संकल्प

▸ बागेश्वरधाम तक करेंगे पैदल पद यात्रा

चिल्हारी, नवभारत। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के विकासखंड कटघोरा अंतर्गत ग्राम देवकिरारी निवासी किशन कश्यप हिंदू राष्ट्र की स्थापना और गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित किए जाने का संदेश लेकर पैदल यात्रा पर निकले हैं।

उनकी यह पदयात्रा मध्य प्रदेश स्थित बागेश्वर धाम तक जारी है। शनिवार को उनकी पदयात्रा का 13वां दिन रहा। अब तक वे लगभग 6 सौ किलोमीटर की दूरी तय करके बागेश्वर धाम पहुंचेंगे।

शनिवार को उन्होंने उमरिया जिले के मानपुर क्षेत्र ग्राम चिल्हारी स्थित प्राचीन हनुमान पहाड़ी मंदिर, चिल्हारी में विश्राम किया। यहां स्थानीय समाजसेवियों द्वारा उनके लिए भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था की गई और उनका स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान किशन कश्यप ने बताया कि उनका उद्देश्य समाज में सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना, हिंदू राष्ट्र के समर्थन का संदेश देना तथा गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित किए जाने की मांग को जन-जन तक पहुंचाना है।

पानी का संकट | बारिश की कमी से धान की फसल सूखने की कगार पर, किसानों की बढ़ी चिंता

धान की रोपाई के बाद छाया बारिश के पानी का संकट

चिल्हारी, नवभारत। धान का कटोरा कहे जाने वाला उमरिया जिला इस वर्ष पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। विशेष रूप से मानपुर विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की चिंता लगातार दयनीय बढ़ती जा रही है।

मानपुर तहसील के चिल्हारी, अमरपुर, इंदवार, मानपुर, बिजौरी और बल्हौड़ सहित आसपास के अनेक गांवों में अब तक अपेक्षित वर्षा नहीं होने से धान की फसल प्रभावित होने लगी है। किसानों ने अपनी वर्षों की जमा-पूंजी खेती में लगा दी है, लेकिन बारिश नहीं होने से खेत सूख रहे हैं और धान की रोपाई व फसल के विकास पर संकट मंडरा रहा है।

फसूल सूखने की कगार पर

क्षेत्र में जिन किसानों के पास ट्यूबवेल, कुआं अथवा अन्य सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं, उन्होंने किसी तरह धान की नर्सरी तैयार कर खेतों में रोपाई कर दी है। वहीं जिन किसानों के पास सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है, उनके द्वारा बोई गई धान तथा रोपी गई फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। कई किसानों ने धान की नर्सरी तो तैयार कर ली है, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण खेतों में रोपाई नहीं कर पा रहे हैं।

फसलों को होगा नुकसान

किसानों का कहना है कि यदि आने वाले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है, जिससे आर्थिक संकट और बढ़ जाएगा। किसानों ने शासन-प्रशासन से क्षेत्र की स्थिति का सर्वे कराने, सूखे की स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देने तथा आवश्यक राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। धान उत्पादन के लिए प्रसिद्ध उमरिया जिले में बारिश की कमी ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अब पूरे जिले के किसानों की निगाहें मानसून की अगली बारिश पर टिकी हुई हैं।

आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से विकास को मिलेगी नई दिशा

▸ सांसद कुलस्ते ने किया करंजिया महाविद्यालय व आईटीआई का शुभारंभ

डिंडौरी, नवभारत। मंडला-डिंडौरी संसदीय क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने रविवार को जिले के करंजिया एवं बजाग क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय महाविद्यालय करंजिया का शुभारंभ करने के साथ आईटीआई बजाग की प्रवेश प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया। इसके अलावा सड़क एवं सेतु निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर सांसद श्री कुलस्ते एवं अन्य जनप्रतिनिधियों

ने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास तथा सड़क एवं पुल जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने युवाओं से शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण का लाभ उठाने का आह्वान किया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक ओमकार मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, अनुसूचित जनजाति युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम, कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षय डिगरसे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।